Industrial Training Institute

कार्यालयः प्रधानाचार्य
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
दुद्धी–सोनभद्र।

Directorate General of Training

Email id:-giti131@vppup.in
GR09901084

पत्रांक : स्था0 / रो0मला / इजराईल / 2024 / 517 दिनाकः– 21.09.2024

प्रेस–विज्ञप्ति

निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 484 / सात / ई–7 / रो0मेला / इजराइल / अन्य / 2023 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2024 के कम में इजराइल में रोजगार के अवसर इजराइल देश में निर्माण श्रमिकों को रोजगार प्रदान करने की प्रकिया में भारत सरकार एवं इजराइल सरकार के मध्य हुए अनुबन्ध के अन्तर्गत एन०एस०डी०सी० क्रियान्वयन संस्था नामित है। एन०एस०डी०सी० द्वारा पी०आई०बी०ए० के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निम्नवत कैटगरी के निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजे जाने की कार्यवाही की जानी है–

1– फेम वर्क शटरिंग कारपेंटर
2– आयरन बेन्डिंग
3–. सिरेमिक टाइल
4– प्लास्टरिंग

प्रमुख अर्हताएं–

1. उम्र सीमा 25–45 वर्ष
2. कम से कम 03 वर्ष की वैधता का पासपोर्ट
3. संबंधित ट्रेड में कम से कम 03 वर्ष का कार्य अनुभव
4. इजराइल में पूर्व में कार्य न किया हो इत्यादि

अन्य संबंधित शर्ते एवं अर्हताएं सेवायोजन विभाग के पोर्टल rojgarsangam-up-gov.in पद पर उल्लिखित हैं। इस हेतु अर्हता प्राप्त इच्छुक निर्माण श्रमिकों को सेवायोजन विभाग के एकीकृत पोर्टल rojgarsangam-up-gov.in पद पर जॉबसीकर के रूप में जाकर इजराइल हेतु पंजीकरण कराना है।

इजराइल सरकार की संस्था पी०आई०बी०ए० द्वारा निर्माण श्रमिकों के चयन हेतु प्रोफेशनल टेस्ट ड्राइव की कार्यवाही से पूर्व पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के अंग्रेजी भाषा के ज्ञान के मूल्यांकन संबंधी प्री–स्क्रीनिंग की कार्यवाही जनपद के नोडल आई०टी०आई० दुद्धी सोनभद्र, के प्रधानाचार्य एवं सेवायोजन कार्यालय के जिला रोजगार सहायता अधिकारी द्वारा की जाएगी। प्री–स्क्रीनिंग की कार्यवाही इजराइल में श्रमिकों को भेजने हेतु चयन कार्यवाही की प्रथम चरण की प्रक्रिया है।

इसके उपरान्त प्री स्क्रीनिंग में उत्तीर्ण श्रमिकों का RPL कराया जायेगा RPL प्रमाण–पत्र प्राप्त श्रमिकों के चयन हेतु इजराइल की संस्था पी०आई०बी०ए० द्वारा प्रोफेशनल टेस्ट लिया जायेगा। इस टेस्ट में उत्तीर्ण श्रमिकों के पुलिस वेरीफिकेशन एवं मेडिकल की कार्यवाही की जाएगी। प्री स्क्रीनिंग / RPL की कार्यवाही किसी भी प्रकार से श्रमिकों के इजराइल भर्ती हेतु चयन होने की वैधता नहीं है, अपितु पीआईबीए द्वारा चयन की कार्यवाही का एक चरण है। नोडल आई०टी०आई० दुद्धी सोनभद्र एवं सेवायोजन कार्यालय द्वारा इजराइल की संस्था पी०आई०बी०ए० को चयन की कार्यवाही हेतु संबंधित ट्रेड के निर्माण श्रमिक उपलब्ध कराना है। अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को इजराइल भेजे जाने का कार्य एन०एस०डी०सी० व पी०आई०बी०ए० द्वारा किया जाना है।

उपरोक्त ट्रेड से संबंधित जनपद के निर्माण श्रमिकों हेतु रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा प्रारम्भ हो गयी है। इस संबंध में अधिक जानकारी जनपद के नोडल आई०टी०आई० दुद्धी सोनभद्र कार्यालय (सम्पर्क सूत्र–9453418706, 9250005144) / सेवायोजन कार्यालय अथवा कॉल सेन्टर नम्बर–155330 के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

(रविन्द्र पटेल)
प्रधानाचार्य

प्रतिलिपिः– 1–जिला सूचना अधिकारी, सोनभद्र को इस अनुरोध के साथ कि कृपया इस राजकीय समाचार को अपने स्तर से जनपद के सभी दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकशित कराने का कष्ट करें।

2–सम्पादक, दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, दैनिक भाष्कर एवं आज, जनवार्ता एवं जनसदेंश टाईम्स को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त विज्ञप्ति जनहित में निःशुल्क अपने सम्मानित समाचार पत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

(रविन्द्र पटेल) 21/9/24
प्रधानाचार्य
नोडल प्रधानाचार्य
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
दुद्धी-सोनभद्र